रणथम्भौर महोत्सव में राजस्थान पुलिस सेन्ट्रल फोक बैण्ड़ का शानदार प्रदर्शन

सवाईमाधोपुर में दिनांक 27.01.2017 से 29.01.2017 तक रणथम्भौर महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में दिनांक 28.01.2017 को राजस्थान पुलिस के कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुतियां दी गई। सूफी संगीत जो अमीर खुसरो, कबीर, मीराबाई, बुल्लेशाह जैसे संतो की वाणी को साकार कर आत्मा से परमात्मा के मिलन की अनुभुति करवा कर समर्पण भाव को प्रस्तुत करता है। इसी को साकार करने के लिए इस महोत्सव में राजस्थान पुलिस के कलाकारों के प्रदर्शन हेतु राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत के शीर्ष, सफल नेतृत्व तथा मार्गदर्शन में समारोह में प्रस्तुति हेतु कार्ययोजना तैयार की गई। इस कार्ययोजना को मूर्त रूप दिया राजस्थान पुलिस अकादमी के प्रशिक्षकों तथा प्रशिक्षणार्थियों ने, जिन्होनें पूर्ण मनोयोग से प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम के शुरूआत में नवसृजित लंगा मांगणियार बैण्ड ने ‘‘अतिथि देवो की भावना’’ के साथ राजस्थान के स्वागत गीत ‘‘केसरिया बालम पधारो म्हारे देश’’ की प्रस्तुति देकर सभी मेहमानों का स्वागत किया। इसके पश्चात् राजस्थान पुलिस अकादमी के प्रशिक्षक श्री सुबैसिंह ने सुफियाना अन्दाज में ‘‘लागी तुझसे मन की लगन’’ प्रस्तुत किया जिसे श्रोताओं द्वारा काफी सराहा गया। अकादमी के तैराकी प्रशिक्षक श्री पूनम शर्मा ने जयदीप गौसाई की रचना ‘‘ए री सखी मंगल गाओ’’ गुजराती लोकगीत को आकर्षक रूप

से प्रस्तुत किया। इसके पश्चात् लंगा मांगणियार बैण्ड ने 14वीं शताब्दी की अमीर खुसरो की रचना "छाप तिलक सब छिनी मौसे नैना मिलाय के" को आधुनिक रूप में प्रस्तुत किया। हिन्दुस्तान व उसके नजदीकी देशो में गायी जाने वाली यह कव्वाली सूफी संगीत की छाप ओर पहचान बन गयी है। श्री पूनम शर्मा एवं श्री सुबैसिंह द्वारा कौमी एकता की मिसाल कायम करते हुए "अल्लाह के बन्दे हँस दे" प्रस्तुत किया।

पश्चिमी राजस्थान के लंगा-मांगणियार की परम्परा व विरासत को कोजे खान, जबल खान व उनकी टीम ने खडताल व मोरचंग की "जुगलबन्दी" के रूप में प्रस्तुत किया व दर्शको को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इसके पश्चात् प्रशिक्षक श्री सुबैसिंह ने "मौला लेले मेरी जान" को समर्पण के साथ पेश कर अपनी गायकी को उच्चतम शिखर तक पहुचाया। अमीर खुसरो द्वारा रचा, बुल्लेशाह द्वारा सवारा गया शाहबाज कलन्दर के सम्मान में गाया जाने वाला गीत "दमादम मस्त कलन्दर" को राजस्थान पुलिस के नवसृजित लंगा मांगणियर बैण्ड के द्वारा प्रस्तुत किया गया तो श्रोता झूम उठे।

इस समारोह में राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत, सवाईमाधोपुर पुलिस अधीक्षक श्री सत्येन्द्र सिंह एवं पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी एवं देश विदेश से पधारे दशर्कगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अनुकृति उज्जैनियाँ अति. पुलिस अधीक्षक आर.पी.ए. द्वारा किया गया।